आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.11.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :—

- राज्य में भूकंप और आपदाओं से बचाव की तैयारियों को परखने के लिये हुई मॉक ड्रिल का विस्तृत दस्तावेज़ीकरण तैयार किया जाएगा।
- पौड़ी में शरदोत्सव 20 से 23 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सहकारिता मेलों की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली।
- आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— समाज को सही दिशा देने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

<u>विस्तृत डॉक्यूमेंटेशन</u>

राज्य के सभी ज़िलों में भूकंप और भूकंप जनित आपदाओं से बचाव की तैयारियों को परखने के लिये कल बड़े स्तर पर हुई मॉक ड्रिल का विस्तृत दस्तावेज़ीकरण तैयार किया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि दस्तावेज़ तैयार करने के साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान, जिन स्थानों पर कमी या सुधार की आवश्यकता महसूस हुई है, उन्हें जिला स्तर पर प्राथमिकता के साथ दूर किया जाए। उन्होंने राहत व बचाव दलों को रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि शासन की ओर से इन सुधारात्मक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और सभी तरह का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

गौरतलब है कि उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा भूकंप जनित आपदाओं से बचाव की तैयारियों की जांच के लिए कल राज्य के सभी 13 जिलों में 80 से भी अधिक स्थानों पर राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था।

पौड़ी

पौड़ी में शरदोत्सव 20 से 23 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शरदोत्सव में विंटर लाइन इवेंट, प्रदर्शनी, झांकियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ, पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद—विवाद, क्विज, चित्रकला, मैराथन, साइकलिंग, मेंहदी, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेक अन्य प्रतियोगिताएँ और आयोजन होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी ने बताया कि शरदोत्सव 20 से 23 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जबकि फुटबॉल प्रतियोगिता 18 नवंबर से प्रारंभ होगी।

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने सभी विभागों को पारस्परिक समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन को सफल, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने युवाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने पर जोर दिया।

राजाजी टइगर रिजर्व

जंगल सफारी के लिए राजाजी टइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। राजाजी टाइगर रिजर्व में कुल चार रेंज हैं। जिनमें सफारी की जाती है। पार्क के चारों रेंज के गेट खोल दिए गए। पार्क के गेट खुलने पर बड़ी संख्या में देशी विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया। वन्य जीव प्रतिपालक चित्रांजलि नेगी ने बताया कि राजाजी राष्ट्रीय पार्क विशेष कर हाथियों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा बाघ, लेपर्ड आदि भी अन्य रेंज में देखने को मिलते हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील की सफारी के दौरान जंगल में शांति बनाए रखें जानवरों के साथ छेड़छाड़ ना करें। जंगल को प्रदूषण से मुक्त रखें और कचरा ना फैलाएं तथा शांति से जंगल सफारी का आनंद लें।

देहरादून नगर निगम

देहरादून नगर निगम अब सभी वार्डों से कूठा उठान शुल्क वसूलने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम में 100 वार्डों में 2 लाख 30 हजार घर हैं और 42 हजार दुकानें हैं। निगम ने शहर के 57 वार्डों में यह शुल्क वसूलने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और गैरसरकारी संगठनों को देने का फैसला किया है। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि इस फैसले से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही जिन वार्डों से शुल्क नहीं मिल रहा वहां से भी शुल्क मिलने लगेगा, जिससे एक महीने में एक करोड रुपए की आमदनी होने का अनुमान है।

सहकारिता मंत्री

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सहकारिता मेलों की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। डॉ रावत ने सभी जनपदों में सहकारिता मेलों से संबंधित तैयारियों, व्यवस्थाओं और समन्वय को और प्रभावी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने बताया कि अब तक जिन जिलों में सहकारिता मेले संपन्न हुए हैं, उनमें एक लाख से अधिक किसानों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया है। उन्होंने कहा कि आगामी जिलों में आयोजित होने वाले मेलों में लगभग चार लाख किसानों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार, जनजागरूकता, ग्राम स्तर तक सूचना प्रसार तथा स्थानीय समितियों के माध्यम से किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने ने बताया कि पौड़ी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिलों में सहकारिता मेले सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि पिथौरागढ़ एवं उत्तरकाशी में मेले वर्तमान में संचालित हैं। अन्य जनपदों में आयोजित होने वाले मेलों की तैयारी के लिये अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये हैं।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। स्थापना के बाद से, परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करती रही है।

यह पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने और प्रेस को बाहरी प्रभावों तथा खतरों से बचाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को सही दिशा देने और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने में मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

चंपावत

चंपावत में भगवान बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिरद्वारी में बुक्सा और राजी जनजाति के लिए बहुद्देश्यीय सेवा शिविर आयोजित हुआ। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में लगाए गए इस शिविर में आधार सेवाएं, पंजीकरण, उद्योग, श्रम, पशुपालन, उद्यान, समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों ने मौके पर ही सेवाएं और योजनाओं की जानकारी दी। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ उठाया। विद्यालय के बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर रैली निकाली, जिसमें जिलाधिकारी और ग्रामीण भी शामिल हुए। रैली के बाद डीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

परीक्षा

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से सहकारी निरीक्षक और सहायक विकास अधिकारी पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगी परीक्षा देहरादून और हल्द्वानी के 26 केंद्रों में आयोजित की गई। जिसके लिए आयोग ने सतर्कता के साथ पूरी तैयारियां की थी।

फुटबॉल प्रतियोगिता

पौड़ी ज़िले के कंडोलिया खेल मैदान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन खिलाड़ियों की दमदार प्रतिस्पर्धा और दर्शकों के उत्साह से सराबोर रहा। दूसरे दिन मैदान पर पाँच कड़े मुकाबले खेले गए, जिनमें टीमों के बीच आक्रामक खेल, सटीक पासिंग और शानदार गोल देखने को मिले।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिला सूचना अधिकारी योगेश पोखरियाल ने कहा कि फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के माध्यम से युवा न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल स्वस्थ समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है और जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

देहरादून पुलिस

दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना के बाद देहरादून में पुलिस सघन चैकिंग अभियान चला रही है। इसके साथ ही बाइक रेंटल प्रतिष्ठानों की भी चैकिंग करने के अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं। पुलिस की ओर से पुराने वाहन को रेंट पर देने और विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने ऐसे प्रतिष्ठान संचालको के लिये एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

जिसके तहत सभी प्रतिष्ठान संचालको को वाहनों को विक्रय/रेंट पर देते समय एक फार्म दिया जायेगा, जिसमें उनके द्वारा वाहन खरीदार की समस्त डिटेल्स भरकर उसकी पहचान से सम्बन्धित समस्त वैध दस्तावेजो व उनके मोबाइल नम्बरों को लिया जायेगा। सभी दस्तावेजों व मोबाइल नम्बर को वेरिफाई करने की समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित प्रतिष्ठान संचालक की होगी।